मंगल पांडे

चर्चा में क्यों?

महान स्वतंत्रता सेनानी **मंगल पांडे** को उनकी पुण्य तिथि पर स्मरण।

- उन्हें '1857 के भारतीय विद्रोह' का प्रणेता माना जाता है।

मुख्य बिंदु:

- उनका जन्म **19 जुलाई, 1827 को फैज़ाबाद के पास एक कस्बे में हुआ था** जो अब पूर्वी उत्तर प्रदेश है।
- वह **ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की 34वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री** में शामिल हुए।
  - उन्होंने **जानवरों की चर्बी वाले कारतूसों को पेश करने के लिये** ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ विद्रोह किया क्योंकि इससे सैनिकों की धार्मिक भावनाएँ आहत होती थीं।
  - आखिरकार, विद्रोहियों का यह आंदोलन भारत के अन्य हिस्सों तक पहुँच गया और जिसके कारण **सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विद्रोह हुआ।**
  - विरोध और विद्रोह के आंदोलन को **वर्ष 1857 के सिपाही विद्रोह** के रूप में जाना जाता है, जिसे **प्रथम स्वतंत्रता संग्राम** भी कहा जाता है।
- **29 मार्च, 1857** को पांडे और उनके साथी सिपाहियों ने ब्रिटिश अधिकारियों के खिलाफ विद्रोह कर दिया तथा उन्हें गोली मारने का भी प्रयास किया। इसके परिणामस्वरूप उन्हें **8 अप्रैल, 1857 को बैरकपुर में फाँसी** दे दी गई।
- **अक्तूबर 1984 में,** उनके प्रयासों को श्रद्धांजलि के रूप में भारत सरकार ने उनकी **छवि के साथ एक डाक टिकट जारी किया।**

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mangal-pandey